

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026



रियाद के लिए एयर इंडिया-इंडिगो की उड़ानें रद्द

नई दिल्ली। हूतियों संग जारी तनाव के बीच सऊदी अरब में सुरक्षा संकट का असर अब हवाई सेवाओं पर भी दिखाई देने लगा है, और इसका असर भारत तक पहुंच गया है। रियाद में सुरक्षा हालात को देखते हुए एयर इंडिया, इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 10 अक्टूबर तक अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइंस ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को पूरा रिफंड दिया जाएगा।



रेप व मर्डर केस, पॉक्सो कोर्ट का फैसला

सजा सुनते ही कातिल की मुस्कान गायब

हवलदार की पत्नी-मासूम बेटी से दरिंदगी करने वाले तीन दरिंदों को मृत्युदंड

एक को मरते तक जेल

प्रधान आरक्षक की पत्नी और 13 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म के बाद उनकी बेरहमी से हत्या करने के मामले में सूरजपुर की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट में गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। न्यायालय ने मुख्य आरोपी कुलदीप साहू, चंद्रकांत चौधरी उर्फ सीके और फूल सिंह उर्फ रिंकू सिंह को फांसी की सजा सुनाई है। चौथे आरोपी आर्यन विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी को मरते दम तक कारावास की सजा दी गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/सूरजपुर

मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर स्थित फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट में न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल के कोर्ट में हुई। 28 सितंबर को न्यायालय ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा पर फैसला सुरक्षित रखा था। गुरुवार को दोबारा सुनवाई के बाद न्यायालय ने तीन आरोपियों को फांसी और एक को मरते दम तक कारावास की सजा सुनाई।

वीसी के जरिए सुनाई सजा

मामले को लेकर सूरजपुर में घटना के बाद से ही लोगों में भारी आक्रोश रहा है। इसी को देखते हुए आरोपियों को न्यायालय में प्रत्यक्ष पेश करने के बजाय वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सजा सुनाई गई। मुख्य आरोपी कुलदीप साहू केंद्रीय जेल अंबिकापुर में बंद था, वहीं अन्य आरोपी ▶▶|शेष पेज 7 पर



मां को 33 और बेटी को 28 चोटें

अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में बताया कि दोनों पीड़िताओं का अपराध से कोई संबंध नहीं था। इसके बावजूद आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, दुष्कर्म किया और चाकू से हमला कर उनकी हत्या कर दी। अभियोजन के अनुसार महिला के शरीर पर 33 और उसकी बेटी के शरीर पर 28 चोट के निशान मिले थे। मामले में फिंगर प्रिंट, कपड़ों पर मिले खून के निशान सहित अन्य साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

13 अक्टूबर की रात हुई थी वारदात

13 अक्टूबर 2024 की रात से प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और बेटी लापता थीं। अगले दिन 14 अक्टूबर की सुबह दोनों के शव ग्राम पीढ़ा के पास गौठान के समीप मिले थे। जांच में दोनों के साथ दुष्कर्म और हत्या की बात सामने आई थी। घटना के बाद सूरजपुर में भारी आक्रोश फैल गया था।

घटनाक्रम एक नजर में

- 13 अक्टूबर 2024: कुलदीप का पुलिसकर्मी से विवाद और आरक्षक पर गर्म तेल से हमला।
- 13 अक्टूबर की रात: थाने के बाहर पुलिसकर्मियों को कार से कुचलने का प्रयास।
- 13-14 अक्टूबर की रात: प्रधान आरक्षक के घर पहुंचकर पत्नी और बेटी की हत्या।
- 14 अक्टूबर: दोनों के शव पीढ़ा के पास मिले; सूरजपुर में विरोध प्रदर्शन और आरोपी के घर में आगजनी।
- 15 अक्टूबर: मुख्य आरोपी कुलदीप साहू गिरफ्तार।
- 28 सितंबर 2026: कोर्ट ने चारों को दोषी ठहराया
- 8 अक्टूबर 2026: तीन आरोपियों को मृत्युदंड और एक को मरते दम तक कारावास



आर्यन विश्वकर्मा

फांसी की सजा पाए आरोपी रायपुर भेजे जाएंगे

केंद्रीय जेल के अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत ने बताया कि सुरक्षा कारणों से आरोपियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सजा सुनाई गई। प्रदेश में फांसी घर रायपुर केंद्रीय जेल में है। न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद फांसी की सजा पाए आरोपियों को रायपुर केंद्रीय जेल भेजने की प्रक्रिया की जाएगी। सजा सुनाए जाने के बाद जेल में सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

महादेव सट्टे में टीवी होस्ट शेफाली ने ईडी के सामने सरेंडर किया सवा करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जोनल ऑफिस में 50 तथा 70 लाख रुपए के दो डिमांड ड्राफ्ट सौंपे



महादेव बेटिंग ऐप मामले में बिग बॉस फेम तथा टीवी होस्ट शेफाली बग्गा ने ईडी के सामने 1.20 करोड़ रुपए सरेंडर कर दिए हैं। उन पर आरोप है कि बेटिंग प्लेटफॉर्म के प्रमोशनल वीडियो बनाने के लिए उन्हें करीब 1.50 करोड़ रुपए दिए गए थे। ईडी ने अपनी चार्जशीट में उल्लेख किया है कि दिल्ली स्थित उनके घर की तलाशी में 30 लाख रुपए नकद मिले थे। जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पूछताछ के दौरान बग्गा ने रुपए सरेंडर करने की इच्छा व्यक्त की थी।

खास खबर

इससे पहले मई में, केंद्रीय जांच एजेंसी ने शेफाली बग्गा के दिल्ली और मुंबई स्थित निवास पर छापा मारा था। छापे के दौरान 30 लाख रुपए जब्त किए गए थे। इस तरह सरेंडर तथा जब्त रकम 1.5 करोड़ हो जाती है। ईडी का आरोप है कि यह महादेव सिंडिकेट ▶▶|शेष पेज 7 पर

देश का सबसे बड़ा ऑनलाइन बेटिंग सिंडिकेट

देश के सबसे बड़े अवैध सट्टेबाजी सिंडिकेट्स में से एक महादेव घोटाला, एक ऐसा ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म है जो पोकर, कार्ड गेम्स और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं पर जुआ खेलने के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराता था। इस सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल है। उनके द्वारा इस एप का संचालन दुबई से किया जा रहा है। इस प्लेटफॉर्म ने फ्रेंचाइजी के जरिए अपना नेटवर्क बढ़ाया और बेनामी बैंक खातों के एक जटिल नेटवर्क के माध्यम से धन का लेन-देन (मनी लॉन्ड्रिंग) किया।

फिल्म अभिनेता प्रकाश राज, यूट्यूबर ध्रुव राठी भी हुए शामिल

वोट चोर, गद्दी छोड़ की गूंज

बेंगलुरू में एसआईआर के खिलाफ सीजेपी का बड़ा प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संस्थापक अभिजीत दीपके, यूट्यूबर ध्रुव राठी और अभिनेता-सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश राज के नेतृत्व में लोगों ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं को लेकर बृहस्पतिवार को यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। महिलाओं और छात्रों समेत विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में फ्रीडम पार्क में एकत्र हुए। प्रदर्शन के दौरान माहौल अचानक बेहद जोशीला हो गया और लगातार नारेबाजी होती रही। प्रदर्शनकारी एसआईआर प्रक्रिया को रद्द करने तथा ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

इस्तीफे तक जारी रहेगा आंदोलन : दीपके

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'लोकतंत्र की हत्या' और 'वोट चोरी' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, एसआईआर के जरिए चुनावी प्रक्रिया और मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित किया जा रहा है। अब समय सड़कों पर उतरकर इस मुद्दे के खिलाफ आवाज उठाने का है। आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने पद से इस्तीफा नहीं देते। प्रदर्शन के दौरान दीपके ने समर्थकों से 'नरेंद्र मोदी वोट चोर' का नारा भी लगवाया।

मोदी-शाह के इशारे पर काम कर रहे ज्ञानेश : प्रकाश राज

अभिनेता और सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश राज ने आरोप लगाया है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रहे हैं। एसआईआर प्रक्रिया को रद्द किया जाना चाहिए। राज ने आरोप लगाया है कि यह मामला सिर्फ वोटर लिस्ट से लोगों के नाम हटाने का नहीं है बल्कि लोगों की गरिमा और उनके अधिकारों पर सीधा हमला है।

राठी ने रखे वोट चोरी के 'सबूत'

सभा को संबोधित करते हुए ध्रुव राठी ने सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'तीन सबूत मैं दिखाना चाहूंगा, जिसका जवाब ज्ञानेश कुमार दे दें, प्रधानमंत्री मोदी जवाब दे दें या अमित शाह दे दें, पहला- पश्चिम बंगाल के चुनाव से पहले करीब 70 हजार वोटर्स ऐसे थे जिन्हें वोटर लिस्ट से हटाया गया, लेकिन जैसे ही चुनाव के नतीजे आ गए उन्हें वोटर लिस्ट में जोड़ दिया गया तो ये जो बहाने मार रहे हैं कि घुसैपैठिएं हैं, मरे हुए वोटर्स हैं, तो ये बता दें कि ये लोग वोटिंग लिस्ट में कैसे आ गए? ऐसे ही दो और उदाहरण सबूत के तौर पर राठी ने रखे।



'आप' प्रदेश अध्यक्ष सहित आप-बसपा के दर्जनों नेता कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले विभिन्न पार्टियों के नेताओं और समाजसेवियों का कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को आम आदमी पार्टी की उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीलम यादव, बहुजन समाज पार्टी के गाजियाबाद से पूर्व प्रत्याशी परमानंद गर्ग, भारत सरकार के पूर्व अधिकारी दुर्गा प्रसाद और बिजनौर से समाजसेवी हाजी इमामुद्दीन अंसारी समेत दर्जनों नेताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर शामिल कराया।

राहत की खबर, कैंसर की दवाएं होंगी सस्ती

सरकार ने ट्रेड मार्जिन को 30 फीसदी तक किया सीमित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कैंसर के इलाज को और किफायती बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने सभी नॉन-शेड्यूल्ड एंटी-कैंसर दवाओं पर ट्रेड मार्जिन को अधिकतम 30 प्रतिशत तक सीमित करने का फैसला किया है। इस दायरे में ब्रांडेड और जेनेरिक, घरेलू और आयातित, पेटेंटेड और नॉन-पेटेंटेड—सभी तरह की एंटी-कैंसर दवाएं शामिल होंगी। इस कदम का उद्देश्य दवाओं की कीमतों में होने वाली अत्यधिक बढ़ोतरी को नियंत्रित करना और कैंसर मरीजों के जेब से होने वाले खर्च यानी आउट-ऑफ-पॉकेट एक्सपेंडिचर को कम करना है।

अमेरिका ने ग्रीन कार्ड प्रोग्राम किया सस्पेंड

टाटा, इंफोसिस समेत कई भारतीय कंपनियों पर सख्ती



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने कई बड़ी आईटी कंपनियों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। इनमें भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिकी श्रम विभाग ने इन्हें ग्रीन कार्ड से जुड़े परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम से सस्पेंड कर दिया है। इनमें कॉग्निजेंट, इंफोसिस, टाटा, विप्रो, एचसीएल और कैपजेमिनी जैसी कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट और एडोब को भी इस कार्यक्रम से सस्पेंड किया गया है। अमेरिका ने आरोप लगाया कि इस व्यवस्था से अमेरिकी नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर प्रभावित हुए हैं।अमेरिकी अधिकारियों ने इन कंपनियों पर ग्रीन कार्ड प्रोग्राम के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। अमेरिकी श्रम मंत्री कीथ सोंडरलिंग ने कहा कि अमेरिका में इस व्यवस्था का दुरुपयोग माइक्रोसॉफ्ट से ज्यादा किसी और कंपनी ने नहीं किया है।

भारत पर क्या असर पड़ेगा?

इस कार्रवाई का असर अमेरिका में ग्रीन कार्ड के लिए इन कंपनियों के जरिए आवेदन करने वाले विदेशी कर्मचारियों पर पड़ सकता है। खास तौर पर जिन कर्मचारियों की ग्रीन कार्ड प्रक्रिया अभी चल रही है, उनके लिए देरी और अनिश्चितता बढ़ सकती है।

जेडी वेंस ने लगाए गंभीर आरोप

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट ने 2025 में करीब 6,000 अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। उस समय यह प्रमाणित किया था कि उसे इन पदों के लिए योग्य अमेरिकी कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। इसके बावजूद माइक्रोसॉफ्ट को 6,000 से ज्यादा एच-1बी वीजा मंजूर हुए और कंपनी ने 3,682 ग्रीन कार्ड के आवेदन दिए।

राजधानी दिल्ली में मोबाइल कांग्रेस इवेंट के दूसरे दिन शिरकत करते हुए बोले प्रधानमंत्री

जिनकी मुफ्त की कमाई बंद हो चुकी है, वो मोदी से प्यार करेंगे क्या ?



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण में डिजिटल तकनीक और सरकारी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल फोन सिर्फ बातचीत का जरिया नहीं रह गया है। यह सुशासन का बड़ा माध्यम बन चुका है। इसी दौरान उन्होंने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि डीबीटी के जरिए 50 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के बैंक खातों तक पहुंचे हैं। इससे करीब 5 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि इस वजह से जिनकी मुफ्त की कमाई बंद हो चुकी है, वो मोदी से प्यार करेंगे क्या?

'5 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचे': पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की डिजिटल व्यवस्था से सरकारी मदद सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि मोबाइल से जुड़े बैंक खातों के जरिए लोगों तक सरकारी सहायता पहुंची है।

सिंधिया, मित्तल अंबानी भी हुए शामिल

नयी दिल्ली में सात से 10 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' (आईएमसी) के 10वें संस्करण के उद्घाटन सत्र में संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भारती समूह के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल, रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी और आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला समेत कई लोग मौजूद रहे।



रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026 | आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी | वर्ष : 25, अंक : 80 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

पुणे स्थित फार्महाउस **'नानाची वाड़ी'** में किया गया अंतिम संस्कार



1 जनवरी 1951
8 अक्टूबर 2026

बॉलीवुड का 'आक्रोश' शांत!

नहीं रहे नाना, 75 की उम्र में ली अंतिम सांस

पणजी/ पुणे। 'सलाम बॉम्बे', 'खामोशी' और 'वेलकम' जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों पर छा जाने वाले दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार को तड़के गोवा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पाटेकर का महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित उनके फार्महाउस में गुरुवार रात पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पाटेकर के पुत्र मल्हार ने उन्हें मुखाग्नि दी। डोंजे गांव स्थित फार्महाउस में हजारों लोग पाटेकर को अंतिम विदाई देने पहुंचे। इस दौरान लोगों ने 'नाना अमर रहें' के नारे लगाए। अभिनेता के सहयोगियों के अनुसार, पाटेकर ने इच्छा जताई थी कि उनका अंतिम संस्कार फार्महाउस में किया जाए।

राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

नाना पाटेकर का अंतिम संस्कार गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित उनके फार्महाउस में किया गया। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने घोषणा की कि उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेता

अपने दमदार अभिनय और संवाद की खास शैली के लिए पहचाने जाने वाले पाटेकर ने छोटे-छोटे किरदारों से फिल्मी सफर की शुरुआत की और आगे चलकर अपने दौर के सबसे बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेताओं में शुमार हुए।

चर्चित फिल्म और पुरस्कार

चर्चित हिंदी फिल्मों में 'परिंदा', 'प्रहार: द फाइनल अटैक', 'तिरंगा', 'क्रांतिवीर' और 'खामोशी: द म्यूजिकल' शामिल हैं। पाटेकर को तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, कई फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री भी प्रदान किया गया था।

बॉलीवुड में शोक की लहर

फिल्म इंडस्ट्री और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर दौड़ गई। शाहरुख खान और सलमान खान ने शोक जताया। अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा कि उनके साथ सेट पर बिताए समय की बहुत-सी यादें हैं, जिन्हें वह हमेशा संजोकर रखेंगे।

पीएम ने दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाटेकर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से एक गहरा खालीपन पैदा हो गया है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,'बहुत कम अभिनेताओं में नाना पाटेकर जी जैसी अभिनय की गहराई, विशिष्टता और प्रभावशाली मौजूदगी देखने को मिलती है।

जीएसटी काउंसिल का फैसला

जीएसटी अफसर बिना अनुमति नहीं कर पाएंगे गिरफ्तार, 5 करोड़ से कम पर केस भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में कई कड़े फैसले लिए गए। जीएसटी परिषद ने जीएसटी-2.0 के तहत जीएसटी अधिकारियों के हाथ से गिरफ्तारी के अधिकार को खत्म कर दिया है। अभियोजन के लिए मॉनेटरी सीमा को 1 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए करने को मंजूरी दे दी है। आसान रजिस्ट्रेशन जैसे व्यापक नीतिगत सुधारों पर भी फैसला लिया है। गुरुवार को घोषित सुधार 1 अप्रैल, 2027 से लागू होंगे। यह अगले फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत है।

जीएसटी परिषद ने गुरुवार को व्यापक सुधारों की दिशा में कदम उठाया। इसके तहत कर अधिकारियों की गिरफ्तारी का अधिकार खत्म करने और अभियोजन की सीमा एक करोड़ रुपए से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपए करने को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही करदाताओं के लिए तेजी से और बड़े पैमाने पर स्वचालित रिफंड की व्यवस्था शुरू करने का भी फैसला किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 57वीं बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि सामान्य जुर्माने को भी 25,000 रुपए से घटाकर 10,000 रुपए करने का फैसला किया गया है। जीएसटी परिषद द्वारा मंजूर बदलाव एक अप्रैल, 2027 से लागू किए जाएंगे।

- वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा- 1 देश 1 जीएसटी दर पर भी होगा विचार

परिषद ने यह प्रस्ताव भी मंजूर किया कि देर से रिटर्न दाखिल करने, कोई गलती करने या कर भुगतान में देरी करने वाले करदाता से केवल बकाया कर की वसूली, ब्याज और अनुपातिक जुर्माना ही लिया जाएगा। ⏭शेष पेज 7 पर



आईटीसी से जुड़ी विसंगतियां दूर

एक सवाल के जवाब में सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने मुख्य रूप से इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़ी विसंगतियों को दूर कर लिया है और उलट शुल्क ढांचे की समस्या का समाधान कर दिया है।

युगांतकारी सुधार : चौधरी



इधर, बैठक में शामिल छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने इन निर्णयों को व्यापार सुगमता, कर प्रशासन में पारदर्शिता और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में युगांतकारी सुधार बताया है। श्री चौधरी ने कहा कि इन सुधारों से देश में निवेश और उद्यमिता को नई ऊर्जा मिलेगी।

जीएसटी दर में कोई बदलाव नहीं

जीएसटी काउंसिल ने अपनी 57वीं बैठक में जीएसटी दरों में किसी भी बदलाव की घोषणा नहीं की। वित्त मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा दर संरचना तय हो गई है। आगे चलकर दर संबंधी मामलों को साल में एक बार विशेष रूप से इसी उद्देश्य के लिए आरक्षित बैठक में उठाया जाएगा। दो-दर संरचना की शुरुआत के बाद टैक्सेबल सप्लाईज 40.19 लाख करोड़ रुपये प्रति माह से बढ़कर 50.58 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो 25.8% की बढ़ोतरी है। जीएसटी प्रणाली में उपभोक्ताओं को आपूर्ति 26.7% बढ़कर 5.98 लाख करोड़ रुपये से 7.58 लाख करोड़ रुपये प्रति माह हो गई।

प्रमुख फैसले

- रिफंड दावों को स्वीकार करने की समयसीमा 15 दिन से घटाकर 10 दिन की जाएगी।
- कर्मचारियों के लिए लिए गए इंश्योरेंस कवर पर भुगतान किए गए जीएसटी पर नियोक्ताओं को इनपुट टैक्स क्रेडिट मिलने का प्रावधान
- जीएसटी काउंसिल ने नोटिस और कर संबंधी कार्यवाही के लिए कॉमन स्टैंडर्ड की सिफारिश
- ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए सामान या सेवाएं बेचने वाले छोटे करदाताओं के जीएसटी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सरल करने की सिफारिश
- वित्त मंत्री ने कहा कि आगे दर से जुड़े मुद्दों पर साल में एक बार विचार किया जाएगा।
- 57वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में किसी जीएसटी दर में बदलाव नहीं किया गया।
- सरकार सीजीएसटी में फेसलेस टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन लागू करने की दिशा में काम कर रही है।
- 10,000 रुपए से कम की टैक्स राशि के लिए जीएसटी डिमांड नोटिस जारी नहीं किया जाएगा।

राजघाट में विपक्ष, कहा- सरकार की 'सद्बुद्धि' के लिए प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने निर्वाचन आयोग के मामले को लेकर गुरुवार को लगातार तीसरे दिन अपना प्रदर्शन जारी रखा और महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि उन्होंने 'सरकार को सद्बुद्धि देने' और 'वोट चोरी बंद होने' के लिए प्रार्थना की है। विपक्षी दलों ने यह भी कहा कि 'वोट चोरी' के खिलाफ और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर उनका अभियान जारी रहेगा। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का समय मांगा है और राष्ट्रपति भवन से जवाब का इंतजार कर रहे हैं।



ढोल बजाते पहुंचे राजघाट

कनॉट प्लेस से राजघाट तक की यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता नारे लगाते और ढोल बजाते हुए आगे चल रहे थे। कुछ स्थानों पर वामपंथी छात्र संगठन आइसा और एआईएसएफ के कार्यकर्ता भी नारे लगाते तथा डफली बजाते नजर आए।

विपक्ष की अराजकतावादी मानसिकता

इधर, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम में विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता 24x7 काम करता है। उसके लिए हर दिन काम है और हर दिन चुनाव है। ये (राहुल गांधी और विपक्ष) अराजकतावादी मानसिकता के लोग हैं, जिन्हें केवल समाज में विष घोलना आता है।



अगर ऐसा ही था, तो केरल में भी चुनाव इसी चुनाव आयोग ने कराया था। तमिलनाडु में, जहां ये पीछे से सत्ता में पहुंचे हैं, वहां का चुनाव भी इसी चुनाव आयोग ने कराया था। अगर हिम्मत है, तो राहुल गांधी को पहले अपना इस्तीफा देना चाहिए। वे जिस प्रकार का खेल ये खेल रहे हैं, वो देश की जनता देख रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम नेता प्रतिपक्ष कर रहे हैं।

डीआईजी के रूप में संभालेंगे जिम्मेदारी

छग कैडर के आईपीएस सिंह को दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा की कमान

- छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी हैं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर



रायपुर। भारतीय पुलिस सेवा (2011 बैच) के छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी संतोष सिंह को दिल्ली मेट्रो (डीएमआरसी) में सीआईएसएफ के डीआईजी के रूप में पदस्थ कर इसकी सुरक्षा की कमान सौंपी गई है। श्री सिंह को उनके सुरक्षा प्रबंधन के अनुभव और प्रशासनिक दक्षता के चलते दिल्ली की लाइफलाइन कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो ⏭शेष पेज 7 पर

छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में रहे पदस्थ

विवादों से दूर आईपीएस संतोष सिंह अपनी परिपक्व व संवेदनशील पुलिसिंग के साथ सामुदायिक पुलिसिंग के प्रयोगों के लिए जाने जाते हैं। आईपीएस श्री सिंह छत्तीसगढ़ के कुल नौ जिलों रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, राजनांदगांव, कोरिया, रायगढ़, महासमुंद, नारायणपुर व कोंडागांव जिले में एसपी/एसएसपी रह चुके हैं। वे सुकमा में एएसपी और दुर्ग में सीएसपी भी रहे हैं। ⏭शेष पेज 7 पर

विस्फोटक नष्ट करने के दौरान हादसा सीआरपीएफ के चार जवान घायल

सुकमा। जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र में गुरुवार को विस्फोटकों के सुरक्षित विनष्टीकरण के दौरान अचानक हुए ब्लास्ट से सीआरपीएफ के चार जवान घायल हो गए। हादसे में दो जवानों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दो अन्य जवानों को सामान्य चोटें लगी हैं। घटना के बाद सुरक्षा एवं प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया।

मुख्यमंत्री ने जताया दुःख

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चार जवानों के घायल होने की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घायल जवानों का समुचित उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। श्री साय ने ईश्वर से सभी घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।



अपने ही बच्चों से मारपीट, गाली-गलौज करने वाली मां गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



कोतवाली थाने में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है, जिसमें बच्चों की शिकायत पर मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बच्चों ने शिकायत की थी कि उनकी मां उनसे गालीगलौज और मारपीट करती है। बच्चों की मां प्रधान पाठिका है। बच्चों ने शिकायत में शासकीय प्राथमिक शाला परसदा में पदस्थ प्रधानपाठिका शबाना बानो, जो बच्चों की मां है, के खिलाफ उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहने का भी आरोप लगाया है। दोनों बच्चों ने बालोद के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद बाल कल्याण समिति के समक्ष बच्चों का बयान हुआ, जिसके बाद पुलिस ने पारास स्थित किराए के मकान में दबिश देकर शबाना बानो को गिरफ्तार कर लिया। जिस समय पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची महिला स्कूल जाने की तैयारी कर रही थी। बताते हैं कि आरोपी महिला का पिछले कुछ समय से पति से भी विवाद चल रहा है।

जांच के बाद कार्रवाई

इधर, एसडीओपी विनय कुमार साहू ने बताया कि थाना बालोद में बालक कल्याण समिति बालोद द्वारा एक मामले की शिकायत पर जांच के बाद आरोपी शबाना बानो पर बच्चों के साथ मारपीट व गाली गलौज के तहत जुवेनाइल जस्टिस एक्ट व बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

कविता, निबंध और कथा का मिश्रण

कनाडाई कवि और निबंधकार ऐनी को साहित्य का नोबेल



स्टॉकहोम। कनाडाई कवि, निबंधकार और अनुवादक ऐनी कार्सन को इस साल के साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। स्टॉकहोम में स्वीडिश अकादमी ने गुरुवार को यह घोषणा की। टोरंटो में जन्मीं 76 वर्षीय कार्सन प्राचीन यूनानी और रोमन साहित्य के विषयों और कहानियों को अपनी रचनाओं का आधार बनाती हैं, जो अक्सर कविता, निबंध और कथा साहित्य के तत्वों का मिश्रण होती हैं।

प्राचीन को आधुनिकता से जोड़ने में माहिर

कार्सन की खासियत अलग-अलग दौर के लेखकों को एक ही रचना में साथ मिलाकर रखना है। 1999 की 'इकोनॉमी ऑफ द अनलॉस्ट' में उन्होंने प्राचीन यूनानी कवि सिमोनाइड्स को आधुनिक कवि पॉल सेलान के साथ मिलाकर रखा। सन 2000 की 'मेन इन द ऑफ आवर्स' में उन्होंने प्राचीन इतिहासकार थ्यूसीडिडीज और आधुनिक लेखिका वर्जीनिया वूल्फ को जोड़ा।



सवाल का नहीं दे पाई जवाब तो आठ साल की मासूम को शिक्षक ने जड़े थप्पड़, सदमे में बच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

ग्रामीणों ने शिक्षक पर की कार्रवाई की मांग

स्कूल में गणित का सवाल हल न कर पाने पर आठ साल की मासूम छात्रा को शिक्षक थप्पड़ जड़ दिए। बच्ची के गाल पर चोट के निशान दिख रहे हैं और वह इस घटना डरी-सहमी है। थप्पड़ मारने वाला शिक्षक राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित है। उन्होंने अपनी गलती भी मान ली है और भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने की बात कही है। फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम भेंडरी स्थित प्राथमिक शाला में गणित के सवाल का जवाब नहीं दे पाने पर शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी ने बच्ची के गाल और कान के पास थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद बच्ची के चेहरे पर चोट के निशान अभी भी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। परिजनों का कहना है कि बच्ची इतनी भयभीत हो गई है कि ठीक से



खाना भी नहीं खा रही है और रात में सोने में परेशानी हो रही है। घटना बुधवार, 7 अक्टूबर की बताई जा रही है। आठ वर्षीय छात्रा साधना रोज की तरह स्कूल गई थी। इसी दौरान शिक्षक ने उससे गणित का सवाल पूछा। बच्ची सवाल का जवाब नहीं दे पाई तो शिक्षक ने गुस्से में आकर उसकी पिटाई कर दी। बच्ची के अनुसार, उसके गाल के नीचे कान के पास कई थप्पड़ मारे गए। पीड़ित छात्रा के पिता वेदव्यास ने संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं होना चाहिए। बार-बार गणित का सवाल समझाने के बाद भी जब बच्ची उसे नहीं समझ पाई तो उन्होंने गुस्से में उसे एक-दो थप्पड़ मार दिए। मैं माफी मांग रहा हूं। भविष्य में मेरे द्वारा ऐसा दोबारा कभी नहीं होगा।

भारतीय किसान संघ का शक्ति प्रदर्शन, किसानों के ट्रैक्टरों से घिरा कवर्धा, जाम के हालात, घंटों फंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन

किसानों ने अलग-अलग मार्गों पर ट्रैक्टर खड़े कर रास्ते जाम कर दिए। इसका सीधा असर शहर की यातायात व्यवस्था पर पड़ा और आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। हालात यह रहे कि शहर के भीतर मौजूद लोग बाहर नहीं निकल सके, वहीं बाहर से आने वाले लोगों को भी कवर्धा पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आंदोलन के चलते निजी स्कूलों की बस सेवाएं



प्रभावित होने से कई स्कूलों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी। किसानों ने बिलासपुर मार्ग के जोराताल, भोरमदेव मार्ग के समनापुर, मिनीमाता चौक, रायपुर रोड के बायपास तथा सहसपुर लोहारा मार्ग में ठाठ ढाबा के पास ट्रैक्टर खड़े कर मार्ग अवरुद्ध किया।

किसानों से कर रहे चर्चा

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने कहा कि क किसान नेताओं से चर्चा कर रहे हैं। कुछ मांगें केन्द्र सरकार के स्तर की हैं, शेष मांगों को प्रदेश सरकार के समक्ष रखा गया है।

वैकल्पिक मार्ग देख रहे हैं

एसपी जितेंद्र यादव ने कहा कि जिले की यातायात व्यवस्थित रखने उसके लिए प्रयास कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था के साथ स्कूल बस और एम्बुलेंस जैसे आवश्यक वाहनों को निकालने देने किसानों से बातचीत हो रही है।

पहले सूची में शामिल गतिविधियों को अनुमति का आधार बनाया गया था

प्रदेश में 42 साल पुराने भूमि उपयोग ढांचे में बड़ा बदलाव, अनुमति का आधार अब 'निषिद्ध सूची'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में करीब 42 साल पुराने भूमि उपयोग नियमन के ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 के नियम 38(1) को संशोधित कर भूमि उपयोग की अनुमति का आधार बदल दिया है। अब किसी भूमि उपयोग श्रेणी में गतिविधि की अनुमति इस बात से तय होगी कि वह गतिविधि उस श्रेणी की निषिद्ध गतिविधियों की सूची में शामिल है या नहीं। यदि कोई गतिविधि संबंधित भूमि उपयोग के लिए निर्धारित निषिद्ध सूची में नहीं है तो उसे अनुमत माना जाएगा।

यह प्रावधान 7 अक्टूबर 2026 से लागू किया गया है। यह बदलाव इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1984 के मूल भूमि विकास नियमों में नियम 38 के तहत आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में अनुमत उद्योगों की सूची दी गई थी। कृषि भूमि में आवासीय अभिन्यास सामान्यतः निषिद्ध है, लेकिन किफायती जन आवास और एकीकृत उपनगर को इससे बाहर रखा गया है। इसके अलावा वाणिज्यिक परिसर, आवासीय योजनाएं और बड़े मॉल निषिद्ध किए गए हैं।

अब प्रतिबंधित गतिविधियों को छोड़कर बाकी गतिविधियां अनुमत मानी जाएंगी



आवासीय भूमि में क्या प्रतिबंधित रहेगा

आवासीय भूमि उपयोग में ग्रीन, ऑरेंज, रेड और ब्लू श्रेणी के उद्योगों के अलावा गोदाम, बूचड़खाने, कबाड़खाने, संक्रामक रोग अस्पताल, कारागार, बड़े परिवहन टर्मिनल, थोक व्यापार, तेल डिपो, पेट्रोलियम एवं ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण, गैस गोदाम, पशुपालन एवं मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन एवं कुक्कुट पालन, दाह संस्कार/कब्रिस्तान संबंधी गतिविधियां तथा खनन को निषिद्ध किया गया है।

सार्वजनिक-अर्धसार्वजनिक और परिवहन भूमि के लिए भी सूची

सार्वजनिक एवं अर्ध-सार्वजनिक भूमि उपयोग में पूर्णतः आवासीय टाउनशिप, भारी वाणिज्यिक उपयोग, कुछ श्रेणी के उद्योग, खतरनाक पदार्थों का भंडारण, थोक बाजार, थोक व्यापार, बूचड़खाने, कबाड़खाने, खनन, तेल डिपो, गैस गोदाम, पशुपालन, कुक्कुट पालन और गोदाम जैसी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं। परिवहन भूमि उपयोग में आवासीय बस्तियां, खतरनाक रसायनों का भंडारण, असंगत वाणिज्यिक गतिविधियां, कुछ श्रेणी के उद्योग, खनन, पशुपालन एवं मत्स्य पालन, डेयरी, कुक्कुट पालन तथा दाह संस्कार/कब्रिस्तान संबंधी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।आमोद-प्रमोद भूमि उपयोग में उद्योग और कई वाणिज्यिक गतिविधियां प्रतिबंधितआमोद-प्रमोद उपयोग वाली भूमि में आवासीय बस्तियां, सभी उद्योग, वाणिज्यिक परिसर, गोदाम, प्रदूषणकारी वाणिज्यिक गतिविधियां, खनन, खतरनाक भंडारण, थोक बाजार, तेल डिपो, पेट्रोलियम एवं ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण, गैस गोदाम, पशुपालन, कुक्कुट पालन और डेयरी उत्पादन जैसी गतिविधियां निषिद्ध की गई हैं।

पहले क्या था

अनुमत गतिविधियों की सूची1984 के नियम 38(1) में मुख्य जोर "कौन-कौन से उद्योग किए जा सकते हैं" पर था। आर-1 क्षेत्र में सूचीबद्ध उद्योगों को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी जा सकती थी। आर 2 में सूची के उद्योगों तथा वाणिज्यिक क्षेत्र में सूचीबद्ध उद्योगों को निर्धारित बिजली क्षमता की सीमा के साथ अनुमति का प्रावधान था।इस पुराने ढांचे में उदाहरण के तौर पर आर 1 में अगरबत्ती, बांस-कैन उत्पाद, क्ले मॉडलिंग, जरी काम, टेलरिंग, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान की मरम्मत, मोमबत्ती, हाथ के औजारों से बढ़ईगीरी और साइकिल मरम्मत जैसी गतिविधियां सूचीबद्ध थीं। आर 2 और वाणिज्यिक क्षेत्रों के लिए भी अलग-अलग उद्योगों की विस्तृत सूची थी।

अब क्या बदला

निषिद्ध गतिविधियों की सूची-7 अक्टूबर से नियम 38(1) का आधार ही बदल दिया गया है। इसमें कहा गया है कि विभिन्न भूमि उपयोग श्रेणियों में सभी गतिविधियां अनुमत मानी जाएंगी, जब तक संबंधित भूमि उपयोग श्रेणी के लिए निर्धारित निषिद्ध गतिविधियों की सूची में उन्हें प्रतिबंधित नहीं किया गया हो। नई व्यवस्था में सात भूमि उपयोग श्रेणियों के लिए निषिद्ध गतिविधियों की सूची बनाई गई है। आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सार्वजनिक एवं अर्ध-सार्वजनिक, परिवहन,आमोद-प्रमोद,कृषि। यानी पहले जहां अनुमति के लिए सूची में शामिल होना महत्वपूर्ण था, अब सामान्य सिद्धांत यह होगा कि प्रतिबंधित सूची में शामिल न होना अनुमति के पक्ष में आधार बनेगा।

सरकार युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध, 25845 को दिया रोजगार

राज्य स्तरीय रोजगार मेले में युवाओं को सीएम ने सौंपे नियुक्ति प्रमाणपत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय रोजगार मेला समापन समारोह में गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। श्री साय ने रोजगार मेले में चयनित युवाओं को नियोक्ता कंपनियों की ओर से ऑफर लेटर प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं को रोजगार मिलने पर उनकी उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं के समग्र विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यही वजह है कि सरकार ने पिछले पौने तीन सालों में 925 रोजगार मेले का आयोजन कर 25845 शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने इस राज्य स्तरीय रोजगार मेले में भाग लेने वाली देशभर के 95 से अधिक नियोक्ता कंपनियों का भी आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं को राज्य कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम आने वाले दिनों में सब इंजीनियर, कलर्क जैसे पदों पर नियुक्तियां निकाले जाने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग में भी ढेरों नियुक्तियां आने की बात कही।

2000 युवाओं को मेले में रोजगार का मिला अवसर

छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण विभाग द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय रोजगार मेले में करीब 12000 से अधिक विभिन्न रिक्तियों पर बेरोजगार युवाओं ने रोजगार के लिए साक्षात्कार दिए। इन रिक्तियों के लिए प्रदेशभर के करीब 30 हजार शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराया था। इन पंजीकृत युवाओं में से करीब 2000 युवाओं को मेले में रोजगार का अवसर प्रदान किया गया।

समारोह में इनकी रही उपस्थिति

राज्य स्तरीय रोजगार मेले के समापन समारोह में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण विभाग के सचिव बसवराजू एस., सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार सहित नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधि एवं प्रतिभागी युवा उपस्थित रहे।

आरंग में बुजुर्ग दंपती की धारदार हथियार से हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

महानदी मुख्य नहर किनारे स्थित आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम बीरबीरा में गुरुवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक ही मकान के भीतर बुजुर्ग पति-पत्नी की लाश मिली। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से अत्यंत निर्ममता से दंपती की हत्या कर मौके से फरार हो गए। मृतकों की पहचान सदासी राम साहू (65 वर्ष) और उनकी पत्नी आस बाती (62 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही आरंग पुलिस की टीम दलबल के साथ बीरबीरा पहुंची। घटनास्थल के मुआयने के दौरान पुलिस अधिकारियों ने पाया कि मृतकों पर किसी नुकीले व धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया है, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। चर्चा है कि बुजुर्गों की सिरकटी लाश मिली है।

पुलिस ने शुरू की जांचः झा

एसीपी रायपुर ग्रामीण अभिषेक झा ने बताया कि दोपहर सूचना मिली कि बीरबीरा गांव में रहने वाले बुजुर्ग दंपती के शव घर में मिले हैं। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। दोनों बुजुर्ग किसान करीब 10 एकड़ जमीन पर खेती करते थे। उनके दो बेटे हैं, जो रायपुर में रहते हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है।

फॉरेंसिक, डॉग स्क्वायड पहुंचा

घटना स्थल पर रायपुर से फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की विशेषज्ञ टीमों को बीरबीरा बुलाया गया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने खून के धब्बों, फिंगरप्रिंट्स और आसपास के अन्य सुरागों का बारीकी से विश्लेषण कर जरूरी भौतिक साक्ष्य एकत्र किए हैं। वहीं डॉग स्क्वायड की मदद से हमलावरों के भागने के संभावित रास्तों की पहचान करने का प्रयास किया गया। पंचनामा कार्रवाई के पश्चात दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है।

गरबा ड्रेस में लड़कियों का पिस्टल रखे व सिगरेट का धुआं उड़ाते रील वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गरबा ड्रेस में लड़कियों की पिस्टल रखे व सिगरेट पीकर धुंआ उड़ाते और बाइक में लड़कों के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। हिंदू संगठन ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और 5 लड़की व 5 लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गुरूवार को सोशल मीडिया में कुछ लड़कियों व लड़कों के ग्रुप की रील वायरल हो रही है। जिससे कुछ लड़की गरबा के ड्रेस में पिस्टल रखी हुई और सिगरेट का धुंआ उड़ाते बाइक सवार पांच युवकों को रोकते हुए नजर आ रही हैं। हिन्दू संगठन के सदस्यों ने एसएसपी रजनेश सिंह से जारी रील पर इसे गरबा और हिंदू त्यौहार की छवि से जोड़ते हुए आपत्ति जताते हुए कार्रवाई की मांग की गई। रील किसी नेशनल हाइवे में ओवरब्रिज के पास बनाई गई है। वीडियो शिफा मैथ्यूज नाम के सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया गया है। एसएसपी श्री सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी पंकज कुमार पटेल को कार्रवाई करने का निर्देश दिया । वीडियो का अवलोकन करने के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से 5 लड़कियों व 5 लड़कों की पतासाजी कर पकड़ लिया है। सभी को सिविल लाइन थाने में लाकर पूछताछ की जा रही है। एएसपी पंकज पटेल ने कहा, वीडियो के आधार पर लड़कियों व लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ हो रही है।

विधायक की गाड़ी पर पथराव, बाल-बाल बचे इन्द्र

भाटापारा। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कडार में बीती रात भाटापारा विधायक इन्द्र साव की गाड़ी पर पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। विधायक ग्राम लेवई में शोक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने निवास की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम कड़ार के पास उनकी गाड़ी को पत्थर से निशाना बनाया गया। अचानक हुए पथराव में विधायक बाल-बाल बच गए, जबकि वाहन को नुकसान पहुंचा है। पथराव से वाहन में सवार लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।

डॉ. वाघानी
दर-दाँत गम पेंट
असली दर-दाँत (गम पेंट) केंदवा मलहम
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



परिंदा जो क्रांतिवीर बना, पद्मश्री समेत मिले कई अवॉर्ड



नाना की वो फिल्में, जिन्हें आज भी लोग करते हैं याद

मुंबई। कई दशकों तक भारतीय सिनेमा पर राज करने वाले दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपने फैंस को अलविदा कह गए। अभिनेता ने मुंबई में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद बॉलीवुड में कदम रखा। उन्होंने साल 1978 में फिल्म 'गमन' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद इन्होंने 'आज की आवाज', 'परिंदा' और 'एंगर' जैसी फिल्मों में काम किया। उन्हें शुरुआत में सबसे ज्यादा पहचान फिल्म 'अग्नि साक्षी' से मिली। नाना पाटेकर उन चुनिंदा अभिनेताओं में रहे जिन्हें अभिनय के लिए तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। इसमें परिंदा के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता, क्रांतिवीर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अग्निसाक्षी के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता। साल 2013 में उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया।

मराठी फिल्मों में भी किया काम

लगभग पांच दशक लंबे अपने करियर में नाना पाटेकर ने कई तरह के रोल किए। वह सबसे कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर मशहूर थे। उन्होंने फिल्मों में खलनायक, विद्रोही, कॉमेडी और गंभीर भूमिकाएं निभाई हैं। बॉलीवुड के अलावा उन्होंने मराठी, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। मराठी में उनकी मशहूर फिल्में 'सिन्हासन', 'पक पक पकाक' और 'नटसम्राट' शामिल हैं।

परिंदा- 1989

नाना पाटेकर फिल्म 'परिंदा' उनकी सबसे कामयाब फिल्मों में से एक है। इसमें उन्होंने अन्ना नाम के एक खतरनाक और सनकील्ड डॉन का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उन्हें बेहतरीन अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

तिरंगा- 1993

अभिनेता ने इसमें इंस्पेक्टर शिवाजीराव वाघले का किरदार निभाया था। यह किरदार बेहद दमदार और कड़क पुलिस अधिकारी का था। इसमें राज कुमार और ममता कुलकर्णी भी थे।

क्रांतिवीर- 1994

नाना पाटेकर को 'क्रांतिवीर' में बेहतरीन अदाकारी करने के लिए सर्वेश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। इसमें उन्होंने प्रताप नारायण तिलक का किरदार निभाया है। वह समाज में फैली भ्रष्ट व्यवस्था, सांप्रदायिक नफरत और राजनीतिक ताकतों के खिलाफ आवाज उठाते हैं।

अग्नि साक्षी- 1996

इस फिल्म में अभिनेता ने विश्वनाथ का किदार



निभाया था। इसमें उन्होंने एक सनकी और हिंसक पति की भूमिका निभाई थी। इसमें मनीषा कोइराल और जैकी श्रॉफ थे। फिल्म में शानदार अभिनय करने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।

अब तक छप्पन- 2004

इस फिल्म में अभिनेता ने मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्क्वाड के अनुभवी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर साधु आगाशे का किरदार निभाया था। यह किरदार मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक से प्रेरित था।

अपहरण- 2005

नाना पाटेकर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में 'अपहरण' भी शामिल है। इसमें उन्होंने तब्रेज आलम का किरदार निभाया था। बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता ने एक शक्तिशाली और भ्रष्ट नेता के रूप में नजर आए थे।

वेलकम- 2007

कॉमेडी फिल्म 'वेलकम' में नाना पाटेकर ने उदय शंकर शेट्टी का किरदार निभाया था। इसमें वह एक खूंखार लेकिन मजाकिया अंडरवर्ल्ड डॉन बने थे। इसमें अक्षय कुमार, कट्रीना कैफ और परेश रावल भी थे।

राजनीति- 2010

प्रकाश झा के निर्देशन में बनी फिल्म 'राजनीति' में नाना पाटेकर ने बृज गोपाल का किरदार निभाया था। वह मुख्य राजनीतिक परिवार के मार्गदर्शक और सलाहकार की भूमिका में थे। इसमें कटरीना कैफ, रणबीर कपूर और अर्जुन रामपाल भी थे।

नटसम्राट- 2016

मराठी फिल्म 'नटसम्राट' में नाना पाटेकर ने गणपतराव 'अप्पा' बेलवलकर का किरदार निभाया था। इसमें उन्होंने एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था जो कभी मशहूर नायक था। मगर बुढ़ापे में उन्हें परिवार की उपेक्षा और अकेलेपन का सामना करना पड़ता है।

वनवास- 2024

इस फिल्म में नाना पाटेकर ने दीपक त्यागी (प्रताप सिंघाना) नाम के एक बुजुर्ग व्यक्ति का किरदार निभाया था। यह किरदार भूलने की बीमारी से ग्रस्त होता है।

नाना की आखिरी फिल्म : नाना पाटकर की आखिरी फिल्म 'ओ रोमियो' थी। अभिनेता ने इसमें डीएसपी इस्माइल खान का किरदार निभाया था। उनका यह किरदार सख्त और तेजतर्रार पुलिस/इंटेलिजेंस अधिकारी का था। इसमें शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल थीं। 150 करोड़ की लागत से बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 123.10 करोड़ रुपए कमा सकी थी।

हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना

शाहरुख खान ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर भावुक श्रद्धांजलि दी है। नाना के साथ अपनी पुरानी तस्वीर साझा करते हुए शाहरुख ने उनके साथ पहली मुलाकात से लेकर उनकी दोस्ती, सीख और साथ बिताए पलों को याद किया। उन्होंने बताया कि नाना अक्सर उन्हें अभिनय को लेकर समझाते थे। उनकी सबसे यादगार बातों में से एक थी, 'हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना।' यही लाइन शाहरुख ने अपनी श्रद्धांजलि के अंत में भी दोहराई।



मैं भगवान को मार देना चाहता हूं

नाना पाटेकर के निधन की खबर सामने आने के बाद राम गोपाल वर्मा ने एक्स पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि हर कोई जानता है कि कोई भी इंसान अमर नहीं है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि नाना जैसे मजबूत शख्स इतनी अचानक इस दुनिया से चले गए। राम गोपाल वर्मा ने अपने पोस्ट में नाना की मौत को लेकर अपनी नाराजगी और बेबसी भी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि उन्हें नाना के दिल के फेल होने से नफरत है और ऐसा महसूस हो रहा है जैसे वह उस भगवान को मार देना चाहते हैं, जिसने अभिनय के भगवान नाना पाटेकर को उनसे छीन लिया।



बहुत याद आएंगे

अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने भी नाना पाटेकर को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने संदेश में केवल नाना के कलाकार के रूप में योगदान और उनकी प्रतिभा को याद किया। उन्होंने लिखा कि एक महान अभिनेता, शानदार व्यक्तित्व और अभिनय कला के सच्चे दिग्गज के निधन से वह बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि फिल्मों में नाना का योगदान और अभिनय के प्रति उनका समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा।



वह एक बेहतरीन अभिनेता थे

रितेश देशमुख ने लिखा, 'मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि मैं कितना सदमे में हूं। ऐसा लग रहा है जैसे किसी ट्रक ने मुझे टक्कर मार दी हो। नाना पाटेकर जी के निधन की खबर सुनकर मैं बेहद दुखी हूं। वह एक बेहतरीन अभिनेता थे, जिनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती। अपनी अलग शैली और अभिनय के खास अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाई। ऐसा कोई किरदार नहीं था, जिसे वह निभा न सकें। उन्होंने हर तरह के किरदार में खुद को साबित किया- चाहे वह एक बड़े पर्दे के हीरो का किरदार हो, डरावने विलेन का या फिर अपने शांत अंदाज वाली कॉमेडी का। वह पर्दे के बाहर भी एक हीरो थे।

जब परदे पर गरजे नाना, आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने डायलॉग बोलने का अंदाज भी लोगों को आता था काफी पसंद

नाना पाटेकर ने 'गमन' फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और 'ओ रोमियो' तक में काम किया। अभिनेता की सिर्फ फिल्में ही नहीं, बल्कि उनके डायलॉग्स भी काफी चर्चा में रहे। 'साला ये दुख काहे खत्म नहीं होता बे'... नाना पाटेकर सिर्फ अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए नहीं जाने जाते थे। बल्कि, उनके बोलने का अंदाज भी लोगों को काफी पसंद आता था। यही वजह थी कि जब वह अपनी फिल्मों में किसी डायलॉग को बोलते थे, तो वह छा जाता था। अभिनेता ने कभी गुस्से में बोलकर तालियां बटोरीं, तो कभी एक साधारण-सी बात को अपने अंदाज से ऐसा बना दिया कि वह वर्षों तक याद रही। 'क्रांतिवीर' से लेकर 'वेलकम' तक उनके संवादों ने उनके किरदारों को अलग पहचान दी। खास बात यह रही कि नाना की संवाद अदायगी में अभिनय और वास्तविकता के बीच की दूरी लगभग खत्म हो जाती थी। आइए नजर डालते हैं उनके 10 ऐसे संवादों पर, जिनका असर फिल्मों के बाहर भी दिखाई दिया।

आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने

यह शायद नाना पाटेकर के कॅरियर का सबसे पहचाना जाने वाला संवाद है। 'क्रांतिवीर' के एक सीन में बोले गए इस डायलॉग में गुस्सा, चुनौती और व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह तीनों दिखाई देते हैं। नाना की आवाज और चेहरे के भाव ने इसे महज एक फिल्मी लाइन नहीं रहने दिया। आज भी यह डायलॉग उनके नाम के साथ सबसे पहले याद किया जाता है।

12	ग्राम पंचायत हिरेतरा के धान खरीदी केन्द्र में बोर खनन मोटर पंप सहित पेयजल निर्माण कार्य ।	1.76	3500/-	1000/-	02 माह	
13	ग्राम पंचायत घोंठा के धान खरीदी केन्द्र घोंठा के चबुतरा में शेड निर्माण कार्य ।	9.60	7200/-	1000/-	04 माह	लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015, से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर ।
14	ग्राम पंचायत पेंड़ावन के धान खरीदी केन्द्र में बोर खनन मोटर पंप सहित पेयजल निर्माण कार्य ।	1.76	3500/-	1000/-	02 माह	दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर ।
15	ग्राम पंचायत नवागांव (सा) के ठाकुर देव के किनारे नाला में पुल निर्माण (कोनका)	8.26	6200/-	1000/-	04 माह	लो.नि.वि. ब्रिज कार्य दिनांक 01.01.2025, से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर ।
16	ग्राम पंचायत नवागांव (सा) कन्हैया के खेत के पास पुल निर्माण कार्य । (कोनका)	8.26	6200/-	1000/-	04 माह	
17	ग्राम पंचायत घोटवानी के बाजार चौक में रंगमंच निर्माण कार्य ।	9.70	7300/-	1000/-	04 माह	लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015, से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर ।

शर्तें :- कार्यो के सम्मुख दर्शित अमानत राशि एफ. डी. आर. / टी. डी. आर. के रूप में प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, रायपुर के नाम देय होगा, एवं निविदा से संबंधित शेष शर्तें कार्यालयीन समय मे तथा निविदाएँ पंजीकृत डाक से कार्यालय संयुक्त संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, संभागीय कार्यालय धमधा रोड दुर्ग, जिला दुर्ग में उपरोक्त निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विक्रय, प्राप्त / देखी जायेगी ।

प्रबंध संचालक

S-49364/1

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./ बी-6 /वि.स.क्षे. दुर्ग शहर/64-03/Mandi -200/ 26-27 / 3936 रायपुर, दिनांक 07/10/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

* ऑनालाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 02.11.2026
* फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 09.11.2026

क्र.	कार्य का नाम / स्थल	निविदा राशि (लाख में)	एस.ओ.आर विवरण
1	जिला दुर्ग वि.ख.दुर्ग अंतर्गत दुर्गा मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 47 में सामुदायिक भवन एवं डोमशेड निर्माण तथा तालपुरी बी ब्लाक के पास रिसाली भिलाई में योग शाला भवन निर्माण कार्य।	122.79	लो.नि.वि. भवन / विद्युत कार्य दिनांक 10.06.2026 से प्रभावशील एस.ओ.आर पर।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

S-49368/1 प्रबंध संचालक

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./ बी-6 /वि.स.क्षे. दुर्ग शहर/64-03/Mandi -698/ 26-27 /3918 रायपुर, दिनांक 07/10/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

* ऑनालाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 02.11.2026
* फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 09.11.2026

क्र.	कार्य का नाम / स्थल	निविदा राशि (लाख में)	एस.ओ.आर विवरण
	जिला दुर्ग, वि.ख. धमधा अंतर्गत निर्माण कार्य :-		
1	ग्राम पंचायत अरसी में बाजार चौक में सीमेंटीकरण कार्य।	21.17	लो.नि.वि. सड़क कार्य दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील एस.ओ.आर पर।
2	ग्राम पंचायत अरसी के नवीन समिति धान खरीदी केन्द्र में गोदाम निर्माण।	12.30	लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015, विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर पर।
3	ग्राम पंचायत हिरेतरा के धान खरीदी केन्द्र में खाद गोदाम निर्माण कार्य।	12.30	

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

S-49365/1 प्रबंध संचालक

CHHATTISGARH HOUSING AND INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD DIVISION-3 MOULSHREE VIHAR, VIP ROAD, RAIPUR

Advt.No. 407

E-TENDER FOR QUEEN'S CLUB OF INDIA, VIP ROAD, RAIPUR

Chhattisgarh Housing and Infrastructure Development Board invites the tender for "Selection of an Agency for Development, Operation and Maintenance of a top-end cosmopolitan Social and Health clubhouse **"Queen's Club of India"**, located at VIP Road, Raipur, Chhattisgarh, on license, Development, Operation and Transfer (LDOT) basison PPP mode".

For bid processing fee, bid security, eligibility criteria and other details as given in the RFP document, please visit the website **https://cghb.gov.in** & cgstate.gov.in for details. The bidder may also contact the Executive Engineer, Chhattisgarh Housing and Infrastructure Development Board, Division-3, Moulshree Vihar, Raipur over contact number **9753266721/ 6265731603**

Tenderers shall download tender from cge-procurement website.

- **Date and Time of Pre-bid meeting**- at 12:00 PM on 16th October 2026 at Sector-19, Paryawas Bhawan, CGHIDB Head Office, Nava Raipur Atal Nagar
- **Last Date and Time of online Pre-bid queries submission**- on or before the above mentioned date & time.
- **Last Date for Online submission of Tender** - Till 03:00 PM on 30th October 2026

Note: Email id for submission of pre bid queries: cghbdiv03@gmail.com

The details of tender and terms & conditions are available on the e-Procurement website **https://eproc.cgstate.gov.in** Any amendment/corrigendum in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.

S-49358/1 EE, CGHIDB, Div-3 Raipur

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं"

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरदायी कंपनी) (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
कार्या. कार्यपालन अभियंता (संचा./ संधा.) संभाग, छ.स्टेट पॉ.डिस्ट्री. कं. लि. जगदलपुर
फोन नं. 07782-231543, ईमेल- eeonm.jagdalpur@cspc.co.in

क्रमांक / 12-11 / सामा. / 2976 जगदलपुर, दिनांक 08/10/2026

बिजली बन्द की सूचना

जगदलपुर संभाग के समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि (संचा/ संधा) संभाग, छत्तीसविकिम., जगदलपुर के जगदलपुर (ग्रामीण) उप संभाग के अंतर्गत निम्नांकित फीडरों / विद्युत लाईनों का दीपावली पूर्व रखरखाव / संधारण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्न दर्शायी गई तिथियों के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में कमी या वृद्धि की जा सकती है ।

क्र.	दिनांक	दिन	33/11 केव्ही उपकेन्द्र एवं फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	09.10.2026	शनिवार	33 के. व्ही. रेल्वे फीडर	33/11 के.व्ही. उप केन्द्र कुरंदी एवं 33/11 के.व्ही. साडगुड़ उप केन्द्र से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर एवं 33 के.व्ही. फीडर से संबंधित उपभोक्ता । 33/11 के.व्ही.उप केन्द्र कुरंदी का यार्ड मरम्मत कार्य ।
2	10.10.2026	शनिवार	11 के.व्ही. करनपुर फीडर	आड़ावाल, मंगडूकचोरा, हल्बाकचोरा, कुसुमपाल, नकटीसेमरा, हाटगुड़ा शासन कचोरा,
3	12.10.2026	सोमवार	11 के.व्ही. धनपुजी फीडर	खुटपदर, मारकेल, आमागुड़ा, मंगनपुर, चोकावाड़ा, धनपुंजी ग्राम के समस्त पारा मोहल्ला
4	12.10.2026	सोमवार	11 के.व्ही. कालीपुर फीडर	भाटागुड़ा, कालीपुर, बालीकोंटा, कोण्डावल, तितिरगांव ग्राम के समस्त पारा मोहल्ला
5	13.10.2026	मंगलवार	11 के.व्ही. सरगीपाल फीडर	सरगीपाल, पंडरीपानी, डोगाम जाटम, तुसेल, नियानार, हजारीगुड़ा, मावलीगुड़ा, कोरपाल, परपा ग्राम के समस्त पारा मोहल्ला
6	14.10.2026	बुधवार	11 के.व्ही. कुम्हरावण्ड फीडर	पल्ली, भाटागुड़ा, कुम्हरावण्ड बिरिंगपाल ग्राम के समस्त पारा मोहल्ला
7	14.10.2026	बुधवार	33 के.व्ही. नेतानार फीडर	33/11 के.व्ही. उप केन्द्र नेतानार से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर से संबंधित उपभोक्ता ।
8	23.10.2026	शुक्रवार	11 के.व्ही. ग्रामीण फीडर	आसना, तामाकोनी, छेपरागुड़ा, मेटवाड़ा ग्राम के समस्त पारा मोहल्ला
9	24.10.2026	शनिवार	33 के. व्ही. साड़गुड़ फीडर	33/11 के.व्ही. उप केन्द्र साडगुड़ एवं 33/11 के.व्ही. नेतानार उप केन्द्र से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर एवं 33 के.व्ही. फीडर से संबंधित उपभोक्ता। 33/11 के.व्ही. उप केन्द्र साडगुड़ का यार्ड मरम्मत कार्य ।
10	26.10.2026	सोमवार	11 के.व्ही. नगरनार फीडर	खम्हारगांव, नेगीगुड़ा, मोरठपाल, उपनपाल, माड़पाल, करनपुर, बीजापुट, नगरनार, कस्तुरी, भेंजापदर ग्राम के समस्त पारा मोहल्ला
11	29.10.2026	गुरुवार	11 के.व्ही. नानगुर फीडर	नानगुर, साड़गुड़, अलनार, मांझीगुड़ा।
12	30.10.2026	शुक्रवार	11 के.व्ही.बिलोरी फीडर	बिलोरी, भाटीगुड़ा, कान्दुलगुड़ा, करकापाल, लामनी ।
13	31.10.2026	शनिवार	33 के.व्ही. हीरा फीडर	33/11 के.व्ही. उप केन्द्र पंडरीपानी से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर एवं उच्चदाब कनेक्शन मेडिकल कॉलेज जगदलपुर, बालाजी एल.एल.पी. एवं प्रबल फ्यूल्स ।

"बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है"

पी. के. अग्रवाणी
कार्यपालन अभ

नाना पाटेकर ने निशानेबाजी में जीते हैं कई राष्ट्रीय पदक, क्रिकेट के थे बड़े प्रशंसक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार को गोवा स्थित उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनको खेलों के प्रति गहरे लगाव के लिए भी याद किया जाता रहेगा। वह क्रिकेट के बड़े प्रशंसक थे। नाना ने एक बार बताया था कि वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते थे और मुंबई के मशहूर शिवाजी पार्क में बल्लेबाजों को नेट्स में गेंदबाजी किया करते थे। उन्होंने निशानेबाजी के कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। नाना पाटेकर को क्रिकेट का भी काफी शौक था। वे कैसे भी समय निकालकर क्रिकेट मैच देखा करते थे।

लंबे समय तक निशानेबाजी से जुड़े रहे नाना

निशानेबाजी में नाना की उपलब्धियों के चलते उन्हें 'रेनाउंड शॉट' का दर्जा मिला। इसके बाद उन्हें बिना शुल्क राइफल आयात करने की अनुमति भी मिली। उम्र बढ़ने के बावजूद उनका निशानेबाजी के प्रति जुनून कम नहीं हुआ। उन्होंने 60 साल की उम्र पार करने के बाद भी इस खेल को जारी रखा और राष्ट्रीय व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहे। नाना लंबे समय तक प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी से जुड़े रहे और इस खेल के प्रति लगन बनाए रखी।



फिल्म की तैयारी की निशानेबाजी बन गई जुनून

नाना के लिए फिल्म की तैयारी के तौर पर शुरू हुई निशानेबाजी धीरे-धीरे जीवनभर का जुनून बन गई। साल 2004 में इंदौर के बीएसएफ रेवती रेंज में आयोजित 48वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में उन्होंने 300 मीटर बिग-बोर स्पर्धा में रजत पदक जीता था। इसके 3 साल बाद उन्होंने महाराष्ट्र की टीम के लिए कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 600 में से 549 अंक बनाए और व्यक्तिगत वर्ग में 12वें स्थान पर रहे थे।

नाना निशानेबाजों की करते थे मदद

नाना उभरते हुए राइफल निशानेबाजों की भी मदद करते थे। वह उनके प्रशिक्षण, कारतूस और जरूरी उपकरणों पर आने वाले बड़े खर्च को पूरा करने में सहयोग करते थे। नाना राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाजों के लिए बेहतर आर्थिक पुरस्कारों की भी वकालत करते थे।उनका मानना था कि ऐसे प्रोत्साहन खिलाड़ियों को अपने जुनून को जारी रखने में मदद करेंगे और निशानेबाजी में उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी सहारा देंगे।

प्रहार फिल्म से शुरू की निशानेबाजी की तैयारी

नाना ने बताया था कि निशानेबाजी में उनका सफर 40 की उम्र में शुरू हुआ। वह निशानेबाजी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोहों में मुख्य अतिथि बनकर जाते थे। इस दौरान उन्होंने कई तरह की बंदूकों पर हाथ आजमाया। उन्होंने बताया था कि वह बोतल के छोटे ढक्कन जैसे बेहद छोटे निशानों पर भी निशाना साधने लगे थे। 1991 की फिल्म 'प्रहार' की तैयारी के दौरान उन्होंने इसकी तैयारी शुरू की थी। उन्होंने भारतीय सेना से प्रशिक्षण लिया था।



खबर संक्षेप



सिंधू आर्कटिक ओपन में आगे बढ़ीं थारुन, तन्वी और श्रीकांत बाहर

वांता (फिनलैंड)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को यहां जापान की रिको गुनजी को हराकर आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों का इस पांच लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अभियान समाप्त हो गया। हैदराबाद की 31 वर्षीय सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में गुनजी को 21-15, 21-15 से हराया।

अनुष्का के दो गोल से भारत ने सीरिया को हराया



सेलायंग (मलेशिया)। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 क्वालीफायर के ग्रुप ई के अपने दूसरे मुकाबले में बृहस्पतिवार को सीरिया को 2-0 से हराकर अपने अभियान में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

भारत बनाम वेस्टइंडीज : दूसरा टी-20 मैच

टीम इंडिया बढ़त बढ़ाने और वेस्टइंडीज बराबरी करने आज दिखाएंगी दमखम

एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच को जीतकर बढ़त बनाई हुई है। अब सीरीज का दूसरा मैच 9 अक्टूबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मेजबान टीम दूसरे टी-20 को भी जीतकर सीरीज में अपनी बढ़त दोगुना करना चाहेगी। दूसरी तरफ शाई होप के नेतृत्व में कैरेबियाई टीम पलटवार के इरादे से उतरेगी।

संजू सैमसन को छोड़कर भारत के सभी बल्लेबाज फॉर्म में हैं। टीम प्रबंधन युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए भेज सकता है। भारतीय टीम यहां जीत हासिल करने पर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना लेगी, लेकिन उसके लिए सैमसन का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है।

वेस्टइंडीज पर भारत का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। हाउस्टेट के मुताबिक, अब तक ये दोनों टीमें टी-20 प्रारूप में कुल 32 मैचों में आमने-सामने हुई है, इसमें से 21 में भारत को जीत मिली है और 10 मैच वेस्टइंडीज ने अपने नाम किए हैं। इस बीच एक मैच बेनतीजा भी रहा है। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले 6 टी-20 में से 4 में जीत दर्ज की है।

मैच भारतीय समयानुसार रात 7 बजे से शुरू होगा



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

भारत के लिए कप्तान अय्यर ने पहले टी-20 में शतक (102*) लगाया था। वह अपनी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। लखनऊ में अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले नमन धीर ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए थे। वह एक बार फिर कमाल करना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के कप्तान होप इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने पहले टी-20 में भी अर्धशतक (52*) लगाया है।

पिच का मिजाज

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स की पिच आमतौर पर संतुलित होती है, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ धीमी हो जाती है और ऐसे में स्पिन गेंदबाजों को अच्छी मदद मिलती है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर अब तक 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली और बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 2-2 मैच जीते हैं। यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 161 रन है।

ऐसा रहेगा रांची का मौसम

एक्यूवेदर के अनुसार, 9 अक्टूबर को रांची में बारिश की 55 प्रतिशत संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। ऐसे में मैच में बारिश का खलल देखने को मिल सकता है।

भारत की संभावित एकादश

अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, नमन धीर, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, और मयंक यादव।

आईपीएल से फिर टकराएगा पाकिस्तान सुपर लीग

2027 में एक ही समय पर होंगे दोनों टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान सुपर लीग लगातार तीसरे साल इंडियन प्रीमियर लीग के साथ टकराएगी। लीग के 12वें संस्करण का आयोजन 18 मार्च से 2 मई 2027 तक किया जाएगा। 2016 से 2024 तक पीएसएल फरवरी और मार्च में खेली जाती थी। हालांकि, आईसीसी टूर्नामेंटों के कारण 2025 से इसे अप्रैल-मई की अवधि में आयोजित किया जाने लगा। 2025 में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 में भारत-श्रीलंका में टी-20 विश्व कप के कारण कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

जनवरी-फरवरी में कड़ाके की ठंड बाधक

जनवरी-फरवरी में पीएसएल कराने की योजना को मुश्किल माना गया। इसकी बड़ी वजह पंजाब का मौसम है, जहां लीग के 4 पारंपरिक आयोजन स्थलों में से 3- लाहौर, मुल्तान और रावलपिंडी स्थित हैं। इन शहरों में जनवरी और फरवरी के दौरान कड़ाके की सर्दी पड़ती है। साथ ही घने कोहरे के कारण दृश्यता भी काफी कम होती है। ऐसे मौसम में मैचों के आयोजन और तय कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाना चुनौतीपूर्ण माना गया।

जनवरी-फरवरी में टूर्नामेंट होने की योजना आगे नहीं बढ़ी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पीएसएल फ्रेंचाइजी ने पिछले महीने हुई संचालन परिषद की बैठक में 12वें संस्करण को जनवरी-फरवरी में कराने की संभावना पर चर्चा की थी। यह चर्चा वली टेक्नोलॉजीज की ओर से मौजूदा समय में प्रसारण से होने वाली कम आय पर चिंता जताए जाने के बाद हुई। वली टेक्नोलॉजीज के पास 2029 तक मीडिया अधिकार हैं और वह लीग की रावलपिंडिज की मालिक भी है। हालांकि, जनवरी-फरवरी में आयोजन की योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

होप्स, हाडिन पंजाब किंग्स के कोचिंग स्टाफ से हटे

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स और फील्डिंग कोच ब्रैड हाडिन ने अपना पद छोड़ दिया है। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग की इस टीम ने अभी तक इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार इन दोनों ने हाल में पंजाब किंग्स के प्रबंधन को अपने फैसले की जानकारी दे दी थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि इन दोनों के पद छोड़ने की संभावना पहले से ही थी क्योंकि होप्स को क्वींसलैंड और ब्रिसबेन हीट का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, जबकि हाडिन न्यू साउथ वेल्स की पुरुष टीम का कोच पद संभालेंगे।

रायपुर की किरण पिस्दा का भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की बेटी और रायपुर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी की खिलाड़ी किरण पिस्दा का भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। अब वे रूस के खिलाफ होने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मुकाबलों में भारतीय टीम की जर्सी में मैदान पर उतरेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें बधाई दी।

उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम में किरण का चयन पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। यह उनकी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने किरण के माता-पिता, प्रशिक्षकों और रायपुर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी को भी बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि किरण भारतीय टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

रूस के खिलाफ दिखाएंगी दम



फुटबॉल अकादमी में रही महत्वपूर्ण भूमिका

किरण की इस उपलब्धि में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की रायपुर स्थित बालिका फुटबॉल अकादमी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अकादमी में नियमित प्रशिक्षण, अनुशासित वातावरण, तकनीकी मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मक अवसरों के जरिए उनकी प्रतिभा को निखारा गया। कोच सरिता कुजूर के मार्गदर्शन में किरण के तकनीकी कौशल के साथ मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास और दबाव में निर्णय लेने की क्षमता पर भी काम किया गया।

भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकीं किरण

भारतीय टीम में किरण की यह वापसी भी है। इससे पहले वे 2022 में नेपाल में आयोजित एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप में भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। अब फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैच विंडो के तहत रूस के खिलाफ दो मुकाबलों के लिए उनका चयन हुआ है। पहला मैच 8 अक्टूबर को शाम 6 बजे और दूसरा 11 अक्टूबर को कोलकाता के किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो ने भी किरण को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की अन्य बालिका खिलाड़ियों को बड़े लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को हराकर आईएफए शील्ड जीती

कोलकाता। मोहन बागान ने बृहस्पतिवार को यहां आईएफए शील्ड फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर खिताब जीता। मोहन बागान की जीत में बोस्नियाई मिडफील्डर समीर जेल्जकोविच के पहले हाफ के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की अहम भूमिका रही। यह 22वीं बार है जब मोहन बागान ने प्रतिष्ठित आईएफए शील्ड जीती है। करीब पांच दशक बाद उन्होंने एक ही सत्र में कलकत्ता फुटबॉल लीग और आईएफए शील्ड जीती है। पिछली बार जब उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की थी, तब दिवंगत पीके बनर्जी कोच थे।

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh.Tel No: + 91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com , http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works :

NIT No.: 43 /E-Item/MD&IB/EE-E/CE/NRANVP/2026-27,
Nava Raipur Atal Nagar, Distt. Raipur, Dated: 07.10.2026
Name of Work: "Supply of Electrical Items in the Mahanadi Bhawan, Indrawati Bhawan & CCHID at Capitol Complex, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Chhattisgarh." (2nd Call)
Estimated cost: **INR 47,70,486.00,** EMD: **INR 96,000.00**
Period of Completion: **12 Months**
Last Time & Date of Online Submission: 15:00 hrs on 23.10.2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) **http://eproc.cgstate.gov.in** directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer NRANVP

S-49360/3

बिहार सरकार

कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, झंझारपुर (राजस्व शाखा)

आम सूचना

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहनों के मालिक को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम–2016 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में जब्त वाहनों के अधिहरण (Confiscation) हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में निम्नलिखित अधिहरण वाद संधारित है। बिहार मद्यनिशेध और उत्पाद (संशोधन) नियमावली–2022 के नियम–12 (क) के आलोक में राशि भुगतान पर वाहनों को छोड़ने का प्रावधान है।

अतः आप स्वयं या अपनी अधिवक्ता के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपना पक्ष रखने हेतु प्रपत्र–4 में वाहन विमुक्ति का आवेदन प्रस्तुत करें अन्यथा इन वाहनों को अधिहरित कर नीलामी हेतु आदेश पारित कर दिया जाएगा।

क्र0	उत्पाद अधिहरण वाद सं0	वाहन सं0	वाहन का प्रकार	चेचिस नं0	इंजन नं0	थाना/कांड सं0	वाहन मालिक का नाम एवं पता
1-	27/25-26	MH06AS3838	चार पहिया वाहन Honda Car	MAKGM25C9N013911	L15A70018338	लखनौर थाना कांड सं0–100/25	Tulshidas D Patil, S/o-Dhondu G Patil, R/o-Chambharli, Tal-Panvel, Dist.-Raigad-410206

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, झंझारपुर

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.013291 (Revenue) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक / ..... / ..... / 2025-2026
ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69
तहसील व जिला रायपुर छ.ग., रायपुर, दिनांक 23/09/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्रमांक/111/न.पा.नि./जोन-10/2026-27 रायपुर दिनांक 18/08/2026 कलेक्टर महोदय रायपुर (छ.ग.) को प्रेषित किया गया है, जो कि उचित माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसके अनुसार जोन क्रमांक 10 अन्तर्गत सेकेण्ड्री कलेक्टर पाईंट हेतु शेड का निर्माण किया जाना है। जिस हेतु डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 अन्तर्गत स्थित शासकीय भूमि का चिन्हांकन किया गया है। जिसका ग्राम अमलीडीह प.ह. नं. 69 रा.नि.मं. रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 226/1 रकबा 3.0090 हे. है। उक्त भूमि में से 30000 वर्गफुट सेकेण्ड्री कलेक्टर प्वाईंट निर्माण हेतु नगर पालिक निगम रायपुर को आबंटित किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 12/10/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

SBI भारतीय स्टेट बैंक

एच.एल.सी.- अंचल कार्यालय, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.) फोन- 0771-4040349, फैक्स- 0771-4040334

मांग सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उन्होनें बैंक से जो ऋण लिया है उसके मूलधन और ब्याज के पुर्नभुगतान में चूक की है जिस कारण उनका खाता अनर्जक आस्ति (NPA) में परिवर्तित हो गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(2) के तहत इन सभी को उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। अब उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

क्र.	ऋणि का नाम एवं पता	सम्पत्ति का विवरण / लागू होने वाली सुरक्षित सम्पत्ति का पता	नोटिस की तिथि एन.पी.ए. की तिथि	बकाया राशि (नोटिस की तिथि के अनुसार)
1.	**उधारकर्ता- श्री राज कुमार सिंह, पिता श्री गिर्राज सिंह,** पता- मकान नंबर-103 रेहा रीजेंसी, जी.के. टाउनशिप, बिलासापुर रोड, सिलतरा, रायपुर (छत्तीसगढ़)	फ्लैट नं 504, 2 बीएचके, पाँचवीं मंजिल, ब्लॉक-बी , कृष्णा सत्त्वम फेज-I, (मेसर्स गोविंद रियलिटी द्वारा निर्मित), रायपुर, भाटागांव, महादेव घाट रोड, रायपुर (छ.ग.) पर स्थित का समस्त भाग तथा अंश। सीमाएँ:-उत्तर -खुला आकाश/लिफ्ट,दक्षिण - ब्लॉक सी का फ्लैट नं 503, पूर्व -खुला आकाश,पश्चिम- खुला आकाश/लॉबी .	16.09.2026 26.08.2026	रू. 472263.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
2.	**उधारकर्ता- श्रीमती बनानी दास** पति श्री धीमान मालाकार, पता- (1) एमडी 208 बाजार चौक, हीरापुर, पोस्ट-टाटीबंद पुराने हाउसिंग बोर्ड के पीछे, रायपुर (छ.ग.), (2) फ्लैट नंबर-302, तीसरी मंजिल, ब्लॉक नंबर- बी, एलआईजी 3 बीएचके, खसरा नंबर-565, कारपेट क्षेत्र-645.29 वर्ग फ़ीट, नगर विकास योजना नंबर-04, कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-01, रायपुर विकास प्राधिकरण, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)	फ्लैट नंबर 302 (तीसरी मंज़िल), ब्लॉक नंबर- बी, एलआईजी 3 बीएचके, खसरा नंबर-565, कारपेट क्षेत्र-645.29 वर्ग फ़ीट, नगर विकास योजना नंबर-04, कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-01, रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी का भाग, गाँव- टिकरापारा, प.ह नंबर-114/45, तहसील एवं ज़िला-रायपुर (छत्तीसगढ़) पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश। (सेल डीड दिनांक 22/04/2024, पुस्तक क्रमांक 1, खंड क्रमांक 2212, पृष्ठ 120 से 145, दस्तावेज क्रमांक CG-2024-2-109-1-416)। सीमाएँ: उत्तर- रास्ता, दक्षिण- सड़क, पूर्व – फ्लैट नंबर बी-304 पश्चिम– फ्लैट नंबर ए-308	05.10.2026 28.09.2026	रू. 909322.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
3.	**उधारकर्ता- श्री चंदन कुमार महतो, पिता श्री चलो महतो,** पता- (1) फ्लैट नंबर-14, तीसरी मंज़िल, EWS ब्लॉक नंबर-05, हाउसिंग बोर्ड पिरदा रायपुर, साइट-D, रायपुर (छत्तीसगढ़), (2) मकान नंबर 21/12, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, धर्मपुरा, रायपुर (छत्तीसगढ़)	फ्लैट नंबर-14, तीसरी मंज़िल, ब्लॉक नंबर-05, पिरदा रायपुर, साइट-डी, प.ह. नंबर-66, खसरा नंबर-79, क्षेत्रफल-37.06 वर्ग मीटर या 398.77 वर्ग फ़ीट, हाउसिंग बोर्ड, पिरदा की सेल्फ-फाइनेंसिंग स्कीम के अंतर्गत, रायपुर, तहसील एवं ज़िला- रायपुर पर स्थित संपत्ति। (सेल डीड दिनांक- 22/06/2020, पुस्तक क्रमांक 1, खंड क्रमांक 74440, पृष्ठ क्रमांक 114 से 141, डीड क्रमांक 652 के अनुसार)। सीमाएँ: उत्तर- निजी भूमि, दक्षिण- सड़क पूर्व – ईडब्लूएस ब्लॉक 6, पश्चिम– ईडब्लूएस ब्लॉक 4 .	07.10.2026 22.09.2026	रू. 575271.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
4.	**उधारकर्ता- श्रीमती प्रतिभा हांडा** पति श्री राजीव हांडा, **श्री राजीव हांडा** पिता सुशील कुमार सरदारिलाल हांडा, पता- फ्लैट नंबर-107, डॉल्फिन प्राइड कॉन्डोमिनियम, शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़)	उक्त संपत्ति का संपूर्ण भाग एवं हिस्सा, जिसमें "डॉल्फिन प्राइड कॉन्डोमिनियम" नामक बहुमंजिला भवन में स्थित फ्लैट शामिल है, जिसका निर्माण मेसर्स डॉल्फिन प्रमोटर्स एंड बिल्डर्स द्वारा किया गया,फ्लैट नं "107", प्रथम तल, सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 950 वर्ग फुट, निर्मित क्षेत्रफल 850 वर्ग फुट तथा सामान्य निर्मित क्षेत्रफल-100 वर्ग फुट। उक्त फ्लैट की छत इस विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय नहीं की जा रही है।उक्त फ्लैट बहुमंजिला भवन "डॉल्फिन प्राइड कॉन्डोमिनियम" में स्थित है, जो खसरा क्रमांक 163/2, 207/2, 164/10-11, 165/2, 165/1, 169/12-13 पर निर्मित है तथा मौजा/ग्राम-शंकर नगर, पी.एच. क्रमांक-110, वार्ड क्रमांक-27, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड, कंडिका क्रमांक-16 , तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। (सेल डीड दिनांक 05/03/2013, पुस्तक क्रमांक-अ-1, वॉल्यूम क्रमांक-57716, पृष्ठ क्रमांक 1 से 13, विलेख क्रमांक-7425). सीमाएँ:उत्तर- संलग्न मानचित्र के अनुसार,दक्षिण - संलग्न मानचित्र के अनुसार,पूर्व - संलग्न मानचित्र के अनुसार,पश्चिम -संलग्न मानचित्र के अनुसार।	06.10.2026 01.09.2026	रू. 289569.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
5.	**उधारकर्ता- श्री प्रहलाद सिंह ठाकुर** पिता श्री माधव सिंह ठाकुर, पता- (1) एलआईजी-73, मकान नंबर-874, दूसरी मंजिल, दीनदयाल आवास योजना, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, वार्ड क्रमांक-2, कबीर नगर, रायपुर(छ.ग.)-492099, (2) दुकान 11, ज्ञान गंगा, करतार टावर, भैंसथान रोड, तेलघानी नाका चौक, रायपुर(छ.ग.)-492001	छत्तीसगढ़ आवास विकास मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत निर्मित फ्लैट नं एलआईजी, ब्लॉक नं 73, मकान नं 874, द्वितीय तल, क्षेत्रफल- 495 वर्ग फुट अर्थात् 46.00 वर्ग मीटर, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, वार्ड क्रमांक-2, मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित, कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड योजना में मार्गदर्शिका की धारा क्रमांक-2 के अंतर्गत, मौजा-कबीर नगर, प.ह नं 103, आर.एन.एम.- रायपुर, तहसील एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश । सेल डीड दिनांक 25/10/2013, पुस्तक क्रमांक-अ-1, खंड क्रमांक-60702, पृष्ठ क्रमांक 45 से 53, क्रमांक 4256. सीमाएँ:- उत्तर - ब्लॉक-73, दक्षिण - मकान नं 876, पूर्व-, पश्चिम - मकान नं 873	07.10.2026 04.11.2025	रू. 629383.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे

इन्हें सूचित करने के लिये अन्य वैकल्पिक माध्यमों के द्वारा उपाय किये जा रहे है। उधारकर्ता और/या उनके जमानतदारों (जहाँ लागू हो) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के भीतर अपनी बकाया राशि का भुगतान कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के पश्चात वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(4) के तहत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

दिनांक: 09.10.2026, स्थान- रायपुर — **प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक**

नींद की कमी से जूझ रहे जापान में सोने का कंपटीशन

टोक्यो। जापान के लोग दुनिया में एक से बढ़कर एक हटके काम करते हैं। वे काफी मेहनत और एक्टिव लोग माने जाते हैं। पर जापान के बारे में एक सच्चाई यह भी है कि वहां के लोग काफी कम नींद लेते हैं। जापान दुनिया में नींद की कमी जूझ रहे देशों में से एक है। ऐसे में लोगों को जरूरी नींद पूरा करने को प्रोत्साहित करने के लिए जापान के टोक्यो में 05 अक्टूबर को सबसे जल्दी और गहरी नींद का कंपटीशन आयोजित किया गया। जिसमें विजेता को करीब 14 लाख रुपए का इनाम दिया गया है।

मैट्रेस कंपनी ने आयोजित किया कंपटीशन

इस कंपटीशन में काफी लोगों ने हिस्सा लिया। इसे जापान की एक मैट्रेस कंपनी ने आयोजित किया था। कंपनी ने पैमाना तय किया था कि जो सबसे जल्दी और गहरी नींद लेगा। इसे विजेता घोषित किया जाएगा. टोक्यो में हुई प्रतियोगिता को 'मैट रेस' नाम दिया गया था। इसमें दर्जनों ने लोगों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले लोगों को स्लीप ट्रैकिंग डिवाइस पहनाए गए थे। इस दौरान उनको लेटने के लिए कंफर्टेबल मैट्रेस दी गई।

जो सबसे गहरी नींद में सोया उसे मिला बड़ा इनाम



विजेता को मिला करीब 14 लाख रुपए

जिस पर 90 मिनट तक सोने को कहा गया। इस दौरान जो सबसे जल्दी व सबसे गहरी नींद में सोया और कंपटीशन जीता, उसे 20 लाख येन (14000 डॉलर) मतलब करीब 14 लाख रुपए इनाम के तौर पर दिया गया। मैट्रेस कंपनी 'कोआला स्लीप जापान' के क्रिएटिव डायरेक्टर रीइचिरो नाकामा ने बताया कि जापान को अक्सर नींद की कमी से जूझने वाला देश कहा जाता है और यहां के लोग बहुत मेहनती होते हैं। कम रोशनी वाले कमरे में लोग सिर पर मॉनिटर लगाकर सोए, कुछ लोगों ने बिस्तर पर स्टफ्ड टॉय (खिलौने) भी रखे हुए थे।

कंपटीशन का कौन रहा विजेता

ओईसीडी के 2021 के आंकड़े के अनुसार, जापानी लोग रोज़ाना औसतन 7 घंटे 24 मिनट सोते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि काम के लंबे घंटे, आने-जाने में लगने वाला समय और व्यस्त नाइटलाइफ़ इकॉनमी इसके मुख्य कारण हैं। एएफपी के अनुसार, 32 साल की प्रतिभागी चिसातो होंडा ने बताया कि यह पलक झपकते ही खत्म हो गया। काश मैं थोड़ी देर और सो पाती. यह एक खुशनुमा मुकाबला था। मुकाबले की विजेता सुइमी ने कहा कि मैं अकेले रहना चाहती हूं, इसलिए मुझे लगता है कि मैं इस पैसे का इस्तेमाल घर बदलने के खर्च के लिए करूंगी। मुझे राजकुमारी जैसा बिस्तर भी चाहिए, इसलिए मुझे लगता है कि मैं वही बिस्तर खरीदूंगी।

दुनिया पर मंडरा रहा एक और नया खतरा, भविष्यवक्ता ने दी चेतावनी

लंदन। खुद को 'प्रलय का भविष्यवक्ता' कहने वाले एक ब्रिटिश भविष्यवक्ता की भविष्यवाणी इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। रूस की एक सीक्रेट लैब में काम करने वाली 28 साल की युवा वैज्ञानिक डार्या शिपिलोवा की संदिग्ध मौत से ठीक कुछ दिन पहले इस भविष्यवक्ता ने एक नई और जानलेवा महामारी आने का बड़ा दावा किया था। लोग अब इस मौत को उसी चेतावनी से जोड़कर देख रहे हैं। यूके के रहने वाले क्रेग हैमिल्टन-पार्कर पहले भी कोरोना महामारी और महारानी एलिजाबेथ की मौत की सटीक भविष्यवाणी का दावा कर चुके हैं।

दुनिया की वो अनोखी कॉलोनी, जहां 500 सालों से नहीं बढ़ा 1 रुपए भी किराया

बर्लिन। आज के दौर में जहां महंगाई आसमान छू रही है और बड़े शहरों में एक छोटा सा कमरा किराए पर लेने के लिए जेब खाली हो जाती है, वहीं इस दुनिया में एक ऐसी जगह भी मौजूद है, जहां पिछले 500 सालों से किराए में एक पैसे की भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। जब हम यूरोप के महंगे देशों की बात करते हैं, तो दिमाग में आलीशान लाइफस्टाइल और भारी-भरकम खर्चों का ख्याल आता है। लेकिन, जर्मनी के बावारिया राज्य के ऐतिहासिक शहर ऑग्सबर्ग में एक ऐसी जादुई और रहस्यमयी सोसाइटी बसी है, जिसका नाम फुगेराई है। इसे दुनिया का सबसे पहला और सबसे पुराना सोशल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स माना जाता है। 16वीं शताब्दी से लेकर आज 21वीं सदी तक, इस सोसाइटी में रहने वाले लोग साल भर का किराया महज 1 राइनीशर गुल्डेन देते हैं, जो आज के समय में महज 80 से 85 रुपए के बराबर है।

रहने के लिए माननी पड़ती हैं 3 शर्तें



कैथोलिक होना है अनिवार्य

जैकब फुगर एक धार्मिक कैथोलिक इंसान थे। उन्होंने इस परिसर को उन मेहनती, ईमानदार, लेकिन आर्थिक रूप से पिछड़े कैथोलिक नागरिकों के लिए बनवाया था, जो अपनी किसी गलती के बिना गरीबी का शिकार हो गए थे। उन्होंने नियम बनाया कि इस जगह का किराया कभी नहीं बदलेगा और 500 सालों के लंबे अंतराल के बाद भी उनके वंशज इस नियम का पूरी निष्ठा से पालन कर रहे हैं। हालांकि, फुगर के जमाने में भी यह किराया महज एक प्रतीकात्मक शुल्क था। इसके बदले में संस्थापक की केवल एक ही शर्त थी कि यहां रहने वाला हर निवासी दिन में तीन बार जैकब फुगर और उनके परिवार के लिए प्रार्थना करेगा।

वास्तुकला और इतिहास का एक बेजोड़ नमूना

फुगेराई परिसर वास्तुकला और इतिहास का एक बेजोड़ नमूना है। यह पूरी कॉलोनी एक ऊंची दीवार से घिरी हुई है, जिसके मुख्य द्वारों को रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक पूरी तरह बंद कर दिया जाता है। इस समय के बाद केवल यहां के निवासी ही अंदर आ या जा सकते हैं।


कालड़ा हॉस्पिटल
KALDA HOSPITAL यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371


PRADIKSHA HERBAL दर्द अनेक, उपचार एक!
प्रदिक्षा आर्थो ऑयल
घुटने का दर्द, साइटिका, गाठिया, हड्डियों का दर्द, मांसपेशियों में सूजन, जकड़न, आमवात, संधिवात और मोच में भी लाभदायक एक बार अवश्य आजमायें।
Custmer Care - 9112637000, 9823286830


स्वस्थ एवं उज्ज्वल त्वचा के लिए
New Dr. Juneja's रूप मंत्रा
Ayurvedic Face Cream & Face Washes
Paraben Free
Alcohol Free
Steroids Free
Silicon Free
Mineral Oil Free
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
Roop Mantra NEEM
Roop Mantra MIX FRUIT
Roop Mantra CUCUMBER
Roop Mantra ALOEVERA
Roop Mantra LIME & MINT
24x7 Helpline No.: 87259 66666
www.roopmantra.com
Available at all medical & general stores

Hero celebrates art forms of India. Featuring Warli Art by Dilip Rama Bahotha from Maharashtra.
Hero


AAYA TYOHAAR HERO PE SAWAAR
PRE-BOOK NOW TO GET DELIVERY DURING NAVARATRI.
Splendor+ XTEC 2.0
DESTINI

LIMITED PERIOD OFFERS
CASH DISCOUNT UP TO ₹2500~
INSTANT DISCOUNT UP TO ₹10000^ SBI card HDFC BANK pine labs
LOW RATE OF INTEREST 6.99%*
EXCLUSIVE CORPORATE OFFER UP TO ₹3200~
For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero GoodLife Stand a chance to win 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits®
Also Available on: Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. *Finance offer is at the sole discretion of the Financer, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.
TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, डरपिनार- कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादरः गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, कुइकुदुरः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोलीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ाः साई मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांवः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसीवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामाः श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुड़िहारीः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com